# जिलाधिकारी महोदय, आगरा की अध्यक्षता में दिनांक 17.09.2024 को आयोजित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक का कार्यवृत्त।

जिलाधिकारी महोदय, आगरा की अध्यक्षता में दिनांक 17.09.2024 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आगरा, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), आगरा, अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा, समस्त सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), श्री रविन्द्र जैन, डीपीएम, टीपीआई, श्री आनन्द कुमार सिंह, जिला समन्वयक, डीपीएमयू, कार्यदायी संस्था मैं एन0सी0सी0 लि0 से श्री रमेश कृष्णा, डीजीएम, मै0 मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 से श्री प्रवीन पाण्डेय, पीएम श्री दीपन, डीपीएम आदि उपस्थित रहे।

**बैठक में सतही स्त्रोत आधारित ग्राम समूह पेयजल योजना की प्रगति पर एजेन्सीवार चर्चा की गयी –**

मै0 एन0सी0सी0–एपको(जे0वी0), पैकेज–01

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत मै0 एन0सी0सी0 द्वारा कुल 16 नग सी0डब्ल्यू0आर0 का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसमें से 16 नग सीडब्लूआर पर खुदाई का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिसमें से 08 नग सीडब्लूआर पर पीसीसी कार्य एवं 02 नग सी0डब्ल्यू0आर0 पर राफ्ट का कार्य पूर्ण हो चुका है। फर्म को कुल 1968 किमी पाइप बिछाये जाने का लक्ष्य है, जिसमें से MS Pipe 165 किमी0 एवं DI Pipe 1803 किमी0 बिछाया जाना प्रस्तावित है। MS Pipe 148 किमी0 एवं DI Pipe 846 किमी0 पाइप की आपूर्ति की जा चुकी है तथा MS Pipe 16 किमी0 एवं DI Pipe 227 किमी0 पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। फर्म द्वारा 243 किमी पाइप लेइंग की गयी है, जिसके सापेक्ष 60 किमी की हाइड्रोटेस्टिंग हुई है। शेष कार्य प्रगति पर है।

मै0 मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, पैकेज–02

कार्यदायी संस्था मै0 मेघा इंजीनियरिंग द्वारा अभी तक 407 के सापेक्ष मात्र 221 नग ओ0एच0टी0 पर कार्य किया जा रहा है, जिसमें 179 नग ओएचटी पर खुदाई कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं 42 नग ओ0एच0टी0 पर पीसीसी कार्य पूर्ण एवं 20 नग पर राफ्ट का कार्य पूर्ण हो चुका है। पाइप लेइंग के अन्तर्गत कुल 7568 किमी पाइप बिछाये जाने का लक्ष्य है, जिसमें से कुल 2565 किमी0 पाइप की आपूर्ति की जा चुकी है तथा कुल 910 किमी पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसके सापेक्ष 120 किमी की हाइड्रोटेस्टिंग हुई है। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद आगरा में कार्यदायी संस्था मै0 मेघा इंजीनियरिंग को 810 राजस्व ग्रामों में कुल 296833 एफ0एच0टी0सी0 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष संस्था द्वारा 31002 नग एच0टी0सी0 कनैक्शन दिये गये है। कार्यों की धीमी प्रगति पर अध्यक्ष महोदय द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया एवं कार्यों की गति बढ़ाने हेतु सदस्य सचिव को निर्देशित किया गया।

उक्त के अतिरिक्त अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नानुसार निर्देश दिये गये–

1. सी0डब्लू0आर0 एवं शिरोपरि जलाशय की प्रगति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जाये।
2. ग्राम पंचायतवार/राजस्व ग्रामवार रोड रेस्टोरेशन का डाटा उपलब्ध कराया जाये।
3. कार्यों में प्रयुक्त सामिग्री की टैस्टिंग एवं रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाये।
4. मै0 मेघा इंजी0 को शिरोपरि जलाशय के निर्माण कार्य में कम मेन पॉवर होने के कारण नोटिस निर्गत किया जाये।
5. टी0पी0आई0 द्वारा लगायी गयी नॉन कम्प्लाइंस एवं निस्तारण का विवरण उपलब्ध कराया जाये।

**अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव**
**(जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन)**
**आगरा**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।**

पत्रांक 1435 / ८००  / 27 दिनांक 19-09-2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिलाधिकारी महोदय, आगरा को सादर अवलोकनार्थ।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, आगरा को सादर अवलोकनार्थ।
3. समस्त सदस्य, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, आगरा।
4. डी0जी0एम0, मैसर्स एन0सी0सी0 एपको (जे0वी0) (पैकेज–1), आगरा को अनुपालनार्थ।
5. प्रोजेक्ट मैनेजर मैसर्स मेघा इंजी0 एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 (पैकेज–2), आगरा को अनुपालनार्थ।

**अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव**

H\CD Agra\ Agra(DWSM)_Final_Mintus of Meeting _